# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 31/10/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Bharat time news, Amer, (RAJ)**

# रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन नें राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में साइकिल रैली का आयोजन किया



■ भारत टाइम्स न्यूज
bharattimenews.com

**रोहन शर्मा / आमेर।** भारत सरकार के निद. शानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर मनाये जा रहे राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर गृह मंत्रालय द्वारा देशभर के 750 जिलों में 75000 यूनिटी फॉर रन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। महानिदेशक के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के निर्देशानुसार विक्रम सहगल, महानिरीक्षक राजस्थान सेक्टर के मार्गदर्शन में प्रवीण कुमार सिंह कमान्डेंट–83 बटालियन द्रुत कार्य बल के नेतृत्व में जवानों द्वारा एक विशाल साइकिल रैली का आयोजन अमर जवान ज्योति से जल महल (जयपुर) तक किया गया। जिसमें बडी मात्रा में जवानों के साथ आमजन भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संग्राम सिंह क्षेत्रीय प्रमुख, डी०सी०बी० बैंक एवं माहीलाल मीणा, मुख्य प्रबन्धक बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया एवं स्वंय ने अगुवाई की।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में विक्रम सहगल, महा. निरीक्षक राजस्थान सेक्टर ने राष्ट्रीय एकता दिवस के बारे में बताते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल के भारत राष्ट्र के निर्माण में उनकी अतुल्य भूमिका को याद किया। राष्ट्रीय एकता दिवस के दिन देश में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि देश की एकता और अखंडता को और भी ज्यादा मजबूत और सशक्त किया जा सके। विक्रम सहगल महानिरीक्षक राजस्थान सेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में अगले 30 एवं 31 अक्टूबर को मोटर साइकिल रैली तथा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। जिस में बल के जवानों के साथ आम जन भी भाग ले सकेगें।

Gujarat vaibhav, Ahmedabad, (GUJ)

# लौह पुरूष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस व आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 100वीं बटालियन आर.ए.एफ. द्वारा 31अक्टूबर तक वाहिनी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

अहमदाबाद। वस्त्राल स्थित द्रुत कार्य बल (आर.ए.एफ.) की 100वीं वाहिनी मुख्यालय में दिनांक 29 से 31अक्टूबर तक लौह पुरूष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस व आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री गोविन्द प्रसाद उनियाल कमाण्डेन्ट महोदय 100वीं वाहिनी के दिशा-निर्देशन में निम्नलिखित कार्यप्मों का आयोजन किया जा रहा है:- आज वाहिनी कैम्प से कांकरिया झील तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। 30अक्टूबर को वाहिनी कैम्प से बाइक रैली सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेच्यु, गांधीनगर तक का आयोजन किया जाएगा। 31अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी, शपथ ग्रहण समारोह, राष्ट्रीय एकता श्रृंखला और मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। मां भारती के अमर सपूत, आधुनिक भारत के शिल्पकार, राष्ट्रीय एकता का सुत्रधार और भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण में इनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। भारत की एकता और अखण्डता हेतु आजीवन समर्पित रहने वाले लौह पुरूष स्वर्गीय सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस हमें शांति, सौहार्द, सहकार एवं बन्धुत्व की भावना के साथ रहने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर श्री गोविन्द प्रसाद उनियाल, कमाण्डेन्ट-100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल द्वारा वाहिनी में उपस्थित सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी व जवानों एवं स्कूली बच्चों की उपस्थिति में उपरोक्त कार्यप्मों का शुभारंभ किया गया। 100 वाहिनी द्रुत्काबल का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच जाकर पुलिस फोर्स की छवि को अधिक मजबूत बनाना है एवं असामाजिक तत्वो के लिए एक कड़ी चुनौती पेश करते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखने में स्थानीय पुलिस की सहायक बनना है।



Tarun bharat, Mumbai, (MH)

# सरदार वल्लभभाई पटेल यांच्या जयंती निमित्त सायकल रॅली




नवी मुंबई : सरदार वल्लभभाई पटेल यांच्या जयंती निमित्त लोकांना एकतेचा संदेश देण्यासाठी तळोजा येथील केंद्रीय राखीव पोलीस दल आणि १०२ रॅपिड ॲक्शन फोर्सच्या (दुकाब) वतीने २९ ऑक्टोबर रोजी १२ कि.मी. अंतराच्या सायकल रॅलीचे आयोजन करण्यात आले होते. या सायकल रॅलीचे केंद्रिय राखीव पोलीस दलाचे (सीआरपीएफ) पोलीस महानिरीक्षक (पश्चिम विभाग) रणदीप दत्ता, त्यांच्या पत्नी रितु दत्ता यांनी नेतृत्व करत जवान आणि नागरिकांना प्रेरीत केले.

सरदार वल्लभभाई पटेल यांची जयंती दरवर्षी ३१ ऑक्टोबर रोजी राष्ट्रीय एकता दिवस म्हणून साजरी केली जाते. सरदार वल्लभभाई पटेल यांच्या जयंती निमित्त एकतेचा संदेश प्रत्येक व्यक्तीपर्यंत पोहोचावा या उद्देशाने तळोजा येथील केंद्रीय राखीव पोलीस दल आणि १०२ रॅपिड ॲक्शन फोर्सच्या वतीने १२ कि.मी. अंतराच्या सायकल रॅलीचे आयोजन करण्यात आले होते. या रॅलीप्रसंगी सीआरपीएफ पश्चिम सेक्टरचे पोलीस उपमहानिरीक्षक चंद्र भूषण, पोलीस उपमहानिरीक्षक (पीएमजी) पी.सी.झा यांच्यासह पश्चिम सेक्टर केंद्रीय राखीव पोलीस दल आणि १०२ रॅपिड ॲक्शन फोर्सचे पोलीस अधिकारी आणि कर्मचारी उपस्थित होते.

Amar bharti, Meerut , (UP)

# राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में किया साइकिल रैली का आयोजन



**अमर भारती संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के द्वारा नागरिकों को राष्ट्रीय एकता का महत्व समझाने के लिए अनेक प्रकार के अभियान चलाए गए हैं । वेद व्यास पुरी ,मेरठ में स्थित 108 आर ए एफ बटालियन के कमांडेंट राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए भारत सरकार के द्वारा जारी निर्देशों के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया । जिसके दौरान श्री राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि हमें नियमित रूप से दौड़ एवं शारीरिक व्यायाम करना चाहिए ताकि हम स्वस्थ रहें और यदि हम स्वस्थ रहेंगे तभी हमारा भारत एक मजबूत देश बन सकता है । राष्ट्रीय एकता दिवस तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर स्थानीय लोगों के दिलों में राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से दिनांक 29 अक्टूबर 2022 को शनिवार के दिन 108 बटालियन से साइकिल रैली निकाली गई जोकि मेरठ दिल्ली हाईवे सुभारती तथा केएमसी अस्पताल से होकर शॉपिंग मॉल और रिठानी होते हुए लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय करके 108 आर ए एफ केंपस हुई साइकिल रैली में जवानों ,अधिकारियों ,स्थानीय गांव के निवासी, स्कूली बच्चों के साथ साथ स्थानीय पुलिस ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। श्री राजेंद्र प्रसाद कमांडेंट एवं श्री ज्ञानेंद्र सिंह उप कमांडेंट ,श्री मुकेश कुमार उप कमांडेंट ,श्री रामकृष्ण उप कमांडेंट, श्री दिलीप कुमार सहायक कमांडेंट ने कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी बच्चों तथा उनके अभिभावकों गणमान्य अधिकारियों जवानों एवं उनके परिवार जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**Dainik lol mitra, Phaphamau, (UP)**

# आरएएफ के जवानोंने साइकिल रैली निकालकर दिया राष्ट्रीय एकताका संदेश



आरएएफ के जवानों ने शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर साइकिल रैली निकालकर लोगों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। आरएएफ के कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम की अगुवाई में स्थानीय लोगों को राष्ट्र के प्रति एकता का संदेश देने के लिए आरएएफ के जवानों ने कैम्प परिसर शांतिपुरम से फाफामऊ ब्रिज, तेलियरगंज, स्टैनली रोड, लाल गिरिजा, सिविल लाइंस, मेडिकल चौराहा, भारद्वाज आश्रम से होते हुए इविवि तक साइकिल रैली निकाली। कमाण्डेंट ने कहा कि भारती की एकता और अखंडता के लिए सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हमे शान्ति, सौहार्द, सहकार एवं बंधुत्व की भावना के साथ रहने की प्रेरणा देता है।

कमाण्डेंट ने लौह पुरूष को नमन किया। इस दौरान द्वितीय कमांडेंट अधिकारी प्रेमजीत कुमार, उपकमांडेंट प्रदीप पाठक, टीएन सिंह सहित अन्य अधिकारीगण एवं आरएएफ के जवानों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**